# प्रीलिम्स फैक्ट्स : 18 दिसंबर, 2018

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-18-12-2018

## रंगमंच महोत्सव 'अंडर द साल ट्री' (Under the Sal Tree)

हर साल दिसंबर के महीने में **'अंडर द साल ट्री' रंगमंच महोत्सव** का आयोजन असम के गोलपाड़ा ज़िले में किया जाता है।

- इस महोत्सव का आयोजन गोलपाड़ा स्थित रामपुर गाँव के साल वन में किया जाता है।
- इस रंगमंच महोत्सव का आयोजन मनुष्य को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से जंगल के बीचों-बीच किया जाता है।
- इस रंगमंच महोत्सव का आयोजन तीन दिनों तक किया जाता है।
- इस उत्सव की शुरुआत असमिया थियेटर के विख्यात कलाकार शुक्राचार्य राभा (Sukracharya Rabha) ने की थी।

## ब्रह्मांड का सबसे चमकीला पिंड (Brightest Object in the Universe)

**10 रेडियो टेलीस्कोप (10 Radio Telescope)** की बहुत लंबी बेसलाइन श्रृंखला **(Very Long Baseline Array-VLBA)** प्रणाली का उपयोग करने वाले खगोलविदों ने ब्रह्मांड में क्वासर पी 352-15 (Quasar P352-15) नामक सबसे चमकीले पिंड की खोज की है।

- क्वासर (Quasar) ब्रह्मांड में सबसे चमकीला पिंड है। यह आकाशगंगाओं के केंद्र में मौजूद है और अत्यधिक विशाल कृष्ण छिद्रों (supermassive black holes) से ऊर्जा प्राप्त करता है।
- P352-15 लगभग 13 बिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर है जिसका अर्थ है कि क्वासर साक्ष्य के रूप में उस समय से संबंधित है जब ब्रह्मांड एक बिलियन वर्ष से कम पुराना था, या वर्तमान ब्रह्मांड का केवल 7% था।
- यह खोज बिग बैंग (Big Bang) से होने वाले संक्रमण के दौरान क्या हुआ होगा, यह समझने के लिये ब्रह्मांड के शुरुआती चरणों का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों की सहायता कर सकती है।

## कंचनजंगा लैंडस्केप (Kanchenjunga Landscape)

भारत, नेपाल और भूटान की सरकारें राजनीतिक सीमाओं में वन्यजीवों के मुक्त आवागमन की अनुमति देने और कंचनजंगा लैंडस्केप (जो नेपाल, भारत और भूटान में फैला एक अंतर-सीमा क्षेत्र है) में वन्यजीवों की तस्करी की जाँच करने के लिये संयुक्त कार्यबल की नियुक्ति पर विचार कर रही हैं।

- कंचनजंगा पर्वत के दक्षिणी किनारे तक इस भू-परिदृश्य में पूर्वी नेपाल (21%), सिक्किम और पश्चिम बंगाल (56%) और भूटान के पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिम हिस्सों (23%) में फैले 25,080 वर्ग किमी का क्षेत्रफल शामिल है।
- इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (International Centre for Integrated Mountain Development- ICIMOD) के अनुसार, 2000 से 2010 के बीच इस क्षेत्र के 1,118 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में फैला नदी तटीय घास का मैदान (riverine grassland) कृषि योग्य भूमि और रेंजलैंड (Rangeland) के रूप में परिवर्तित हो चुका था।
- कंचनजंगा लैंडस्केप सात मिलियन से अधिक लोगों के अलावा, स्तनधारियों की 169 और पक्षियों की 713 प्रजातियों का घर है।